कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग)

मुख्य कार्यालय – संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288–222672, फैक्स :– 07759–221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./15/संपदा/2024 14650 कोरबा, दिनांक 06/01/2025

मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स का आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना

मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स की कुल 10 दुकान (प्रत्येक दुकान का, क्षेत्रफल 120 वर्गफीट) के नियमित रूप से रख–रखाव के साथ–साथ संचालन हेतु जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मासिक किरायेदारी पर यथा–स्थिति आबंटन शर्तो के तहत 11 माह की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये **1,400/– (चौदह सौ रूपये)** पर उच्चतम मासिक किराये ऑफर की निविदा आमंत्रित की जाती है। दुकानों के आरक्षण वर्गानुसार विवरण निम्नानुसार है :–

दुकान संख्या	अनु.जाति	अनु.जन जाति	पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित वर्ग
10	दुकान नं. 04	दुकान नं. 02	दुकान नं. 06	दुकान नं. 01, 03, 05, 07, 08, 09, 10

उपरोक्तानुसार आरक्षित वर्ग के आधार पर दुकानों की निविदा हेतु इच्छुक संस्था/फर्म/विभाग/व्यक्ति राशि रूपये **30,000/– (तीन हजार रूपये)** का रसीद की प्रतिलिपि संलग्न करते हुये **दिनांक** 11/02/2025 अपरान्ह **3.00 बजे** तक निविदा ऑफर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है, निविदा उसी दिनांक को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष सायं **4.00 बजे** खोली जावेगी।

निविदाकर्ता निविदा के 01 दिवस पूर्व अर्थात **दिनांक** 10/02/2024 तक निविदा प्रपत्र **1,000/– (एक हजार रूपये)** शुल्क जमाकर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त कर सकते है तथा **सुरक्षा राशि रूपये 30,000/– (तीन हजार रूपये) डी.डी./बैंक ड्राफ्ट** के माध्यम से जमा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स की कुल 10 दुकान 11 माह की किरायादारी पर आबंटन हेतु निर्धारित शर्तो का विवरण निगम की वेबसाईड **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** पर अवलोकन किया जा सकता हैं तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा शाखा (दुकान) से ली जा सकती है।

प्र.संपदा अधिकारी,
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

नोट :–

01. संलग्न शर्तें किरायेदारी निविदा का अंग माना जावेगा।
02. दुकानों को यथा स्थिति आधिपत्य में लेना होगा।
03. सुरक्षा राशि जमा रसीद की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा तथा उक्त रसीद कमांक व दिनांक का उल्लेख निविदा प्रपत्र की लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।